**खबर संक्षेप**

### खनन क्षेत्र में मंदिर निर्माण को लेकर बवाल, पुलिस पर पथराव; 21 पर एफआईआर

**सतना।** जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैमरी पहाड़ पर स्थित एक खनन लीज क्षेत्र में मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। इस दौरान पुलिस टीम पर हमला,अभद्रता और शासकीय वाहनों पर पथराव करने के आरोप में 21 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। घटना शुक्रवार शाम की है। कोटर थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा के अनुसार,कुछ ग्रामीण 'गैवीनाथ माइंस एंड मिनरल्स' के स्वामित्व वाली 56 एकड़ की खदान (जो 50 साल के पट्टे पर है) के भीतर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर जब डायल-100 और आरक्षक अभय सिंह मौके पर समझाइश देने पहुंचे,तो ग्रामीण आक्रामक हो गए और आरक्षक के साथ मारपीट कर दी। तनाव बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया,लेकिन लौटते समय बैरिस्टर बस्ती के पास भीड़ ने पुलिस के वाहनों पर पथराव कर दिया। शनिवार देर शाम इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। अगले दिन खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लीज क्षेत्र का सीमांकन किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर मंदिर निर्माण का आग्रह किया, लेकिन ग्रामीण उसी विवादित स्थल पर अड़े हुए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

### राशन दुकानों में अवैध वसूली: ई-केवाईसी और पर्ची के नाम पर सेल्समैन कर रहे खेल

**सतना।** जनपद पंचायत उंचेहरा क्षेत्र की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड धारकों से अवैध वसूली का मामला गरमा गया है। भटनवारा स्थित उचित मूल्य की दुकान में सेल्समैन द्वारा ई-केवाईसी करने के नाम पर प्रति कार्ड धारक 50-50 रुपये वसूलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन द्वारा मुफ्त या तय दरों पर मिलने वाले राशन के लिए भी उनसे सेवा शुल्क के नाम पर पैसे ऐंठे जा रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला उंचेहरा के तुलसी मार्ग पर स्थित 'क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्यादित पिपरी कला' द्वारा संचालित राशन दुकान से सामने आया है। यहाँ उपभोक्ताओं से राशन देने के एवज में 5 से 10 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है, जिसका वीडियो भी रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उपभोक्ताओं ने यह भी गंभीर आरोप लगाया है कि सेल्समैन पीओएस मशीन से निकलने वाली आधिकारिक रसीद देने के बजाय,अपने हाथ से कागज पर लिखकर गल्ला की पर्ची थमा देते हैं। इस डिजिटल युग में हाथ की पर्ची देना बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस भ्रष्टाचार पर तुरंत लगाम लगाने और दोषी सेल्समैनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### जहरीले सांप के काटने से कटनी के मजदूर की जिला अस्पताल में मौत

**सतना।** मैहर रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले एक मजदूर की जहरीले सांप के काटने से असमय मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय सेन के रूप में हुई है,जो मूल रूप से कटनी जिले का निवासी था। अजय मैहर रेलवे स्टेशन पर एक रेलवे ठेकेदार के अधीन मजदूरी का काम करता था और वहीं रहकर अपना जीवनयापन कर रहा था।घटना के दौरान काम करते समय अचानक एक अत्यधिक जहरीले सांप ने अजय को काट लिया,जिसके बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। आनन-फानन में सहकर्मियों और ठेकेदार के लोगों द्वारा उसे मैहर के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सिविल अस्पताल में अजय की गंभीर स्थिति को देखते हुए और जहर के पूरे शरीर में फैलने के कारण, डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के वास्ते तुरंत जिला अस्पताल सतना के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल सतना में डॉक्टरों ने उसे बचाने की हरसंभव कोशिश की,लेकिन दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छा गया है। वहीं रेलवे परिसरों और कार्यस्थलों पर काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा और आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# बिड़ला सीमेंट फैक्ट्री की रोपवे ट्राली टूटी सुरक्षा नियमों की अनदेखी आई सामने



**सतना।**

बिड़ला सीमेंट फैक्ट्री के रोपवे की एक ट्राली अचानक टूट कर गिर गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे के दौरान कोई नीचे मौजूद नहीं था,जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह रोपवे नैना सगमनिया की खदानों से फैक्ट्री तक पत्थर और गिट्टी की ढुलाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस घटना के बाद बिड़ला प्रबंधन द्वारा सुरक्षा और पर्यावरण के नियमों की सरेआम की जा रही अनदेखी एक बार फिर उजागर हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बेला और बठिया के रास्ते लंबे समय से इस रोपवे का संचालन बेहद लापरवाही से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी लिखित और मौखिक शिकायतें भी की थीं,लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। वर्तमान में नियमों को ताक पर रखकर रोपवे में ओवरलोड गिट्टी भरकर ढुलाई की जा रही है,जिससे लगातार गड़गड़ाहट की आवाजें आती हैं और भारी वायु प्रदूषण फैल रहा है। सबसे खतरनाक बात यह है कि यह रोपवे व्यस्त सड़कों के ऊपर से गुजरता है,लेकिन ट्राली के नीचे सुरक्षा का कोई समुचित जाल या उपाय नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए,तो किसी दिन बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता है।



## नकाबपोश बदमाशों ने लड़की को अगवा करने की कोशिश की, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**सतना। <**

जिले के बिरसिंहपुर नगर में विगत रात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जहाँ अज्ञात बदमाशों द्वारा एक लड़की के अपहरण की सोची-समझी साजिश नाकाम हो गई। मामला बिरसिंहपुर नगर के पुरानी बाजार इलाके का है। रात के अंधेरे में मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए कुछ नकाबपोश बदमाशों ने एक राहगीर लड़की को अपना निशाना बनाने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों और मिली जानकारी के अनुसार,बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने लड़की के चेहरे पर अचानक कोई बेहोशी का पाउडर फेंक दिया और उसे जबरन अगवा करने की कोशिश की।हालांकि,लड़की की सूझबूझ ,हिम्मत और आसपास की हलचल के कारण बदमाशों के हौसले पस्त हो गए और वे अपनी इस घिनौनी कोशिश में नाकाम रहे।वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।यह पूरी सनसनीखेज घटना इलाके में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मामला सभापुर थाने पहुंचा। सभापुर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है और फुटेज के आधार पर हुलिए की पहचान कर नकाबपोश बदमाशों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से स्थानीय निवासियों में सुरक्षा को लेकर काफी डर का माहौल है।

## सतना स्मार्ट सिटी की 'उल्टी गंगा': बरसात में खोद डाला व्यस्तम बस स्टैंड,यात्रियों की बढ़ेगी मुसीबतें





**सतना।**

जहां एक तरफ नियम यह कहते हैं कि बरसात के मौसम में सिविल या निर्माण कार्य बंद रखे जाने चाहिए ताकि आम जनता को असुविधा न हो,वहीं सतना स्मार्ट सिटी प्रशासन इसके विपरीत काम कर रहा है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत अब शहर के सबसे व्यस्तम बस स्टैंड को 'स्मार्ट' बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है,जिसके लिए पहले से बनी-बनाई अच्छी सड़क को खोदने का काम शुरू कर दिया गया है।स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में इस फैसले को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शहर की अन्य मुख्य सड़कों की तरह अब बस स्टैंड का हाल भी बदतर होने वाला है। सड़क खोदे जाने से यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो जाएंगे,जिनमें बारिश का पानी भरेगा और कीचड़ जमा होगा। बस स्टैंड पर रोजाना हजारों यात्री बाहर से आते-जाते हैं,जो इन गड्ढों में गिरकर बुरी तरह चोटिल हो सकते हैं। विशेषकर रात के समय दुर्घटनाओं का खतरा दोगुना हो जाएगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि इस लापरवाही के कारण कोई गंभीर हादसा होता है या कोई यात्री घायल होता है,तो उसकी जिम्मेदारी लेने को कोई भी प्रशासनिक अधिकारी तैयार नहीं होगा। प्रशासन के इस मिस-मैनेजमेंट ने स्मार्ट सिटी के दावों की पोल खोल कर रख दी है।

## पेपर लीक और सोनम वांगचुक के समर्थन में फूटा युवाओं और 'आप' का गुस्सा; मशाल जुलूस निकाल मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा







**सतना।**

नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने और प्रख्यात पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की अनदेखी के खिलाफ रविवार को भारी विरोध प्रदर्शन हुआ। युवाओं और आम आदमी पार्टी ने सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। रविवार शाम सिविल लाइन चौक स्थित चौपाटी परिसर में बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए। यहां एक सांकेतिक सभा के बाद युवाओं ने विशाल मशाल जुलूस निकाला। हाथों में तख्तियां और सोनम वांगचुक के पोस्टर थामे युवा व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने समाजसेवी सोनम वांगचुक को दिल्ली के जंतर-मंतर से पुलिस द्वारा जबरन अस्पताल ले जाए जाने के तरीके को गैर-मर्यादित बताते हुए तीखी नाराजगी जताई। इसी कड़ी में,आम आदमी पार्टी ने भी सोनम वांगचुक के आमरण अनशन की अनदेखी और लगातार हो रहे पेपरलीक के विरोध में मोर्चा खोला। 'आप' कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर प्रतिमा (सेमरिया चौक) से एक शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च बिरला रोड और सिंधी कैंप मोड़ से होते हुए पुनः सेमरिया चौक पर समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि देश के भविष्य (युवाओं) और देश के गौरव (वांगचुक) दोनों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत विशेष पंजीकरण अभियान प्रारंभ

**सतना।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत सतना जिले में विशेष पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग सतना द्वारा बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र हैं,जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये या उससे कम है। इस योजना की विशेषता यह है कि इसमें श्रमिक द्वारा जमा किए जाने वाले अंशदान के बराबर ही केन्द्र सरकार भी योगदान देती है। अंशदान की राशि आयु के अनुसार प्रति माह 55 रुपये से 200 रुपये तक निर्धारित की गई है। इस प्रकार यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है। योजना का लाभ रिक्शा चालक,रेहड़ी-पटरी विक्रेता,निर्माण श्रमिक,घरेलू कामगार,कृषि मजदूर,कूड़ा बीनने वाले,मछुआरे,दर्जी,धोबी,नाई सहित अन्य असंगठित श्रमिक वर्ग उठा सकते हैं।पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए श्रमिकों के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इच्छुक श्रमिक अपने निकटतम सीएससी केंद्र पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर जीआरएस,शहरी क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी अथवा स्वयं के माध्यम से पीएम श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन करा सकते है।

## नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**सतना।** जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इक़बाल सिद्दिकी के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आगामी नगर निगम चुनाव एवं वार्डो की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष आरिफ इक़बाल सिद्दिकी ने अपने संबोधन कहा कि आगामी नगर निगम के चुनाव जो कि लगभग 10 महीने बाद होने वाले है उसमें हमारा लक्ष्य 35 प्लस पार्षद जितने का है। इसलिए हमें अपने-अपने वार्ड में वार्ड अध्यक्ष के साथ मिल कर अभी से जनसंपर्क शुरू कर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास करे। इसके लिए वार्ड की जो भी समस्याएं है उनको लेकर जहां हमारे पार्षद है उनको लेकर और जहां हमारे पार्षद नहीं है वहां पर संबंधित पदाधिकारी के साथ मिल कर समाधान करें और कांग्रेस के पक्ष में माहोल बनाने का काम करे। बैठक में मुख्य रूप से सतना विधानसभा के प्रभारी आनंद शुक्ला मौजूद रहे जिन्होंने संगठन में वार्ड कमेटियों के महत्व को बताया। बैठक का संचालन धवारी ब्लॉक अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार निगम ने किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने,वार्डवासियों की समस्याओं के समाधान तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ महिला नेत्री श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता अमित गोयल,मंडलम अध्यक्ष के पी पाल,कांग्रेस नेता जगदीश प्रसाद सेन,मुन्ना मिश्रा,राकेश सिंह,अफसरअली बाबू,आदित्य तिवारी,सुनील चौधरी,राजेंद्रराज प्रभाकर,राजवीर सिंह,सुशील सतनामी, राजेंद्र सतनामी,बालम प्रजापति,अजय अहिरवार,लाला प्रजापति,काशी कोल,अनमोल पाल,रामू पाण्डेय, अनूप सोंधिया,प्रशांत खरे,पवन सेन,राहुल सेन एवं अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा में कक्षा 6वीं के लिये आवेदन 31 जुलाई तक

**सतना।** नवोदय विद्यालय समिति,शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा में सतना एवं मैहर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा सत्र 2027-28 के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं,आवेदन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2026 है। इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन सेंटर में जाकर/मोबाइल से लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी को सत्र 2026-27 में सतना एवं मैहर जिले के किसी शासकीय/मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए एवं जिले का निवासी होना चाहिए। छात्र ने लगातार कक्षा 3 एवं कक्षा 4 की निरंतर पढाई किसी शासकीय मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण कर शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 अध्ययरत हो।

## रोटरी क्लब सतना ने एक रोटेरियन-एक पौधा अभियान के अंतर्गत लगाए 100 पौधे

**सतना।**

**अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना द्वारा रविवार को सरस्वती विद्यापीठ, उतैली में एक रोटेरियन-एक पौधा थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**

पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि रोटरी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 100 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश दिया। सभी का स्वागत क्लब अध्यक्ष नितेश बड़ेरिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव राजीव अग्रवाल ने किया।




वृक्षारोपण कार्यक्रम के संयोजक सचिन चौधरी ने पूरे आयोजन की उत्कृष्ट एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कीं,जिसके लिए सभी ने उनकी सराहना की। इस अवसर पर क्लब के नवीन सदस्यों का परिचय भी कराया गया। कोषाध्यक्ष वर्धमान जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### आम आदमी पार्टी ने नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे एवं सोनम वांगचुक के समर्थन में निकाला पैदल मार्च



**पन्ना।** आम आदमी पार्टी द्वारा पेपर लीक मामले तथा सोनम वांग चुंग के समर्थन में गांधी चौक से अंबेडकर चौक, छत्रसाल पार्क, बड़ा बाजार होते हुए पुरानी कचहरी से पुनः गांधी चौक में पहुंचकर नारों के साथ समाप्त किया। इस दौरान अनेक लोग शामिल रहे जिसमें में मुख्य रूप से - जिला अध्यक्ष अंजली यादव, रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, भगवान दास चौधरी, ऋषि कुमार मिश्रा, सोनू रजक, लीलाधर पटेल, हरदयाल यादव जी, बाला प्रसाद साहू, रजेश चौधरी, रमेश रावत, राजेश सेन, राजेंद्र आदिवासी, राहुल पाल, गोपाल जी, जगदीश, उमा लोधी, महेंद्र बागरी, छुट्टन आदिवासी, सत्यपाल सिंह, अतुल विश्वकर्मा, मनीष वश्वकर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, संनजी विश्वकर्मा,, वीरेंद्र कोरी, राज बहादुर पटेल आदि।

### अमानगंज में आवारा गौवंश से मिलेगी राहत, काउ कैचर से शुरू हुआ अभियान



**अमानगंज।** नगर परिषद अमानगंज द्वारा नगर क्षेत्र में निराश्रित एवं आवारा गौवंश की समस्या के समाधान हेतु काउ कैचर वाहन से पकड़े गए गौवंश की पहली खेप गऊसदन पवई के लिए रवाना की गई। यह कार्य नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले के निर्देशन एवं निगरानी में संपन्न हुआ। नगर परिषद द्वारा की गई इस पहल से नगर में यातायात बाधा, दुर्घटनाओं एवं आमजन की समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही निराश्रित गौवंश को सुरक्षित एवं संरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जा सकेगा।नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि आगे भी चरणबद्ध तरीके से नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा गौवंश को काउ कैचर के माध्यम से पकड़कर गऊसदन भेजने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### विकास तिवारी ने लहराया परचम ऑल इंडिया बार काउंसिल परीक्षा की पास, क्षेत्र में जश्न का माहौल

**गुन्नौर ।** देश की सबसे प्रतिष्ठित कानूनी परीक्षाओं में से एक श्ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (।प्ठम्-ग्ग्९) का परिणाम घोषित हो चुका है। इसमें मध्य प्रदेश के गुन्नौर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदोई के प्रतिभावान युवा विकास तिवारी ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और कड़े संघर्ष के दम पर सफलता का परचम लहराया है। परीक्षा परिणाम जारी होते ही विकास तिवारी के गृहग्राम सहित पूरे क्षेत्र के मित्रों, परिजनों और शुभचिंतकों में जश्न का माहौल है।

# केन-बेतवां लिंक परियोजना के विरोध को लेकर अभी भी आंदोलन सोशल मीडिया में सुर्खियों में

**पुलिस के द्वारा अंततः अमित भटनागर को उपचार के लिए एक बार फिर ले जाने की चर्चा**



**पन्ना।** केन-बेतवां लिंक परियोजना का विरोध थमने को नाम नहीं ले रहा है। चिता अंदोलन एक बार फिर सुर्खियों में बना हुआ है। अमित भटनागर एवं उनके कुछ साथियों को स्वास्थ्य उपचार को लेकर भर्ती कराने की बात भी चर्चा में आई है। गौरतल बात यह है कि केन-बेतवां लिंक परियोजना को लेकर ग्राम कुप्पी में बराना नदी के पास इस बार जहां यह आंदोलन जारी था वहीं बारिष के मौसम के चलते लोगों का जिस तरह से आंदोलन में शामिल होना वहीं सतत संघर्ष की स्थिति जो बनी हुई थी उसको लेकर उपचार के लिए पुलिस के द्वारा अमित भटनागर व उनके साथियों को जहां आंदोलन की गति को विराम देना भी माना जा रहा है। वहीं मामला सुर्खियों में जरूर है। निष्चितौर पर केन-बेतवां लिंक परियोजना को लेकर विरोध प्रदर्शन तरह-तरह से विगत कई माहों से जारी है। मुआवजे की बात भी इसमें कहीं न कहीं कई तरह के सवालों को लेकर सुर्खियां बटोर रही है। वहीं सबसे बड़ा सवाल तो केन बेतवां लिंक परियोजना जहां केन नदी का पानी बेतवा नदी में ले जाने को लेकर जो सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा है। वहीं केन के पानी का सर्वे लगभग कई वर्षों पुराना बताया जा रहा है। वहीं वर्तमान में जब बारिष के हालात आज किस तरह के बन चुके है जब बारिष ही नहीं होगी तो डेम में पानी कितना आयेगा। वहीं जिस परियोजना को लेकर दावे किये जा रहे है यह कितनी कारगर साबित होगी। कुछ कह पाना कठिन है। हां यह जरूर माना जा रहा है। जिस तरह से पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में डेम का निर्माण किया जा रहा है। जहां बाघों का रहवास प्रभावित होगा जिस तरह से पन्ना टाईगर रिजर्व में पर्यटकों को लेकर जो पर्यटन की दिषा बाघों को देखने को लेकर मानी जा रही है वह भी विराम लेगी। क्योंकि जब बाघ ही नहीं रहेगें तो फिर पर्यटन के व्यवसाय में भी कहीं न कहीं हालात जो बन चुके है। वह सपने चूर होगें। साथ ही केन-बेतवां लिंक परियोजना का विरोध सतत कई तरह के आंदोलनों के माध्यम से आज भी सोषल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा है।

# पन्ना टाईगर रिजर्व के किशनगढ़ रेंज में बाघ की मौत को लेकर एक बार फिर जनचर्चा का विषय, इन दिनों बाघों की मौत तीन माह में अनुमानित तीन पहुंची

**पार्क प्रबंधन की मॉनीटरिंग आखिरकार बाघों की मौत को लेकर सवालों के घेरे में**




**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व में एक बार फिर किषनगढ़ रेंज की बाघ की मौत का मामला चर्चा में है। आखिर बाघ की मौत कैसे हुई वहीं यह माना जा रहा है कि विगत तीन माह में लगभग 3 बाघों की मौत हो चुकी है आखिरकार इस तरह से जहां पन्ना टाईगर रिजर्व की टीम जो बाघों की मॉनीटरिंग व सुरक्षा को लेकर दायित्व निभाती है आखिरकार यहां सवाल तो खड़े होते है। वहीं पन्ना टाईगर रिजर्व के उप संचालक से बाघ की मौत के बारे में जानने की कोषिष की गई जिनका जवाब अभी तक समाचार लिखे जाने तक नहीं मिला। वहीं बाघ की मौत को लेकर अब प्रष्न चिन्ह बनकर जवाब चाह रहे है। आखिर पन्ना टाईगर रिजर्व में जहां बाघों की मौत का मामला जिस तरह से चल पड़ा है तीन माह में तीन बाघों की मौत हो चुकी है। इस तरह से किषनगढ़ रेंज में हुए बाघ की मौत को लेकर जिम्मेदार अधिकारी ही जाने। किस तरह से हुई बाघ की मौत देखना यह है कि पन्ना टाईगर रिजर्व प्रबंधन क्या इस तरह से बाघों की मौत को लेकर क्या संवेदनषील भूमिका दायित्व निभाने को लेकर जानी जायेगी। या फिर सवालिया निषानों की इसी तरह सुर्खियां बनी रहेगीं।

# प्रथम दृष्टया ट्रेन की टक्कर से तेंदुए की मृत्यु, वन विभाग ने की सघन जांच



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमंडल के रैपुरा परिक्षेत्र अंतर्गत रतनगांव के समीप रेलवे ट्रैक पर आज प्रातः एक वयस्क तेंदुआ मृत अवस्था में मिलने की सूचना रेलवे के ट्रैक अनुरक्षण कर्मियों द्वारा वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक परिस्थितियों के आधार पर यह मामला प्रथम दृष्टया ट्रेन की टक्कर से हुई मृत्यु का प्रतीत हुआ। तथापि, सभी संभावनाओं का परीक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र की विस्तृत जांच कराई गई। जांच के दौरान वन विभाग की टीमों द्वारा सघन कॉम्बिंग ऑपरेशन किया गया। स्थानीय ग्रामीणों एवं रेलवे के ट्रैक अनुरक्षण कर्मियों से पूछताछ की गई तथा डॉग स्क्वाड द्वारा भी घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। उपलब्ध परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन की टक्कर से तेंदुए की मृत्यु का प्रतीत होता है। वन विभाग द्वारा नियमानुसार अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# एनएमडीसी कंपनी को मिला बड़ा हीरा जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख




**पन्ना।** जिले में स्थित हीरा खनन परियोजना मझगवां में 13 पॉइंट 16 कैरेट का जेम्स क्वालिटी का हीरा मिला है उक्त हीरा की कीमत बाजार में 80 लख रुपए बताई जा रही है ज्ञात हो मार्च 2024 में फिर से एनएमडीसी कंपनी को हीरा खनन करने की अनुमति मिली थी तथा मशीनों के माध्यम से हीरा खुदाई प्रारंभ हुई थी शुरुआती दौर में छोटे-छोटे हीरा मिल रहे थे लगभग दो वर्ष बाद बड़ा हीरा मिलने से कंपनी में खुशी का माहौल देखा जा रहा है इसके पूर्व 10 कैरेट का हीरा कंपनी को मिला था। जिले की उथली खदानों में भी लगातार बड़े हीरे मिल रहे हैं एनएमडीसी कंपनी को काफी समय बाद बड़ा हीरा मिला है बड़ा हीरा मिलने से कंपनी में खुशी का माहौल व्याप्त है तथा आगे भी उम्मीद जताई जा रही है की इसी प्रकार हीरे मिलेंगे तो कंपनी लगातार अपना काम जारी रखेगी।

# पूर्व गृहमंत्री स्व. कैप्टन जयपाल सिंह के निवास पर पहुंचे संत रावतपुरा सरकार



**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार में गृहमंत्री रहे स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह के निवास पर संत रावतपुरा सरकार ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा कहा कि श्री सिंह अच्छे राजनेता मृदु भाषी एवं मिलनसार इंसान थे उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान एक अलग छाप छोड़ी है आम लोगों से सरलता एवं आत्मीयता से मिलते थे तथा उनके सभी काम करते थे संत श्री रावतपुरा सरकार का आशीर्वाद स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह के परिवार द्वारा लिया गया इस दौरान श्री सिंह के सुपुत्र जगतपाल सिंह तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में किया प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लगे नारे



**पन्ना।**

जिला मुख्यालय पन्ना स्थित गांधी चौक में सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सोनम वांगचुक जिंदाबाद तथा शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाकर अपना विरोध एवं समर्थन व्यक्त किया। आंदोलन में पन्ना जिले के अनेक समाजसेवी, अधिवक्ता एवं जागरूक नागरिक शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप सेशैलेष विश्वकर्मा एडवोकेट, जय राम यादव अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, नत्थू सिंह यादव, सोनू शिवहरे, एडवोकेट सोनेलाल प्रजापति, एडवोकेट संगीता पटेल, एडवोकेट माधुरी कोरी, एडवोकेट मानसी पटेल, लोकेश ओमरे, अंकित राय सहित पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गुनौर में भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस की महा-हुंकार 2 अगस्त को निकलेगी ऐतिहासिक ट्रैक्टर रैली

**गुनौर।**



मध्य प्रदेश के किसानों के हक और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस आगामी 2 अगस्त को गुनौर ब्लॉक मुख्यालय में एक विशाल और ऐतिहासिक आंदोलन करने जा रही है। भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों, खाद-बीज के गंभीर संकट, अघोषित बिजली कटौती और कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में यह जिला स्तरीय शंखनाद होने जा रहा है।सुंदरम वाटिका में बनी महा-आंदोलन की रणनीतिइस ऐतिहासिक ट्रैक्टर महा-रैली की तैयारियों को लेकर आज, 19 जुलाई को गुनौर के श्सुंदरम वाटिकाश में एक अति-आवश्यक जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। यह बैठक मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला संगठन प्रभारी राजभान सिंह एवं जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीस खान के दिशा-निर्देशन में आयोजित की गई।दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में भरी हुंकारबैठक में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री सेवालाल पटेल की अगुवाई में आंदोलन की अंतिम रूपरेखा तैयार की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सेवालाल पटेल, जीवन लाल सिद्धा, जिला महासचिव कुलदीप सिंह डिघौरा, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार गौतम सहित जिला व ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और अपनी बात रखी।श्किसानों के सम्मान में, कांग्रेस मैदान मेंश्बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि मौजूदा सरकार में किसान पूरी तरह बेहाल और प्रताड़ति है। आगामी 2 अगस्त को होने वाली ट्रैक्टर महा-रैली इस गूंगी-बहरी सरकार की ईंट से ईंट बजाने का काम करेगी। किसान कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, मंडलम-सेक्टर अध्यक्षों और बूथ स्तर के जांबाज साथियों से अपील की गई है कि वे पूरी ताकत के साथ इस आंदोलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए अभी से मैदान में उतरें।

# श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम, प्रमुख मंदिरों के पुजारियों का हुआ सम्मान





**पन्ना।** श्री श्री 1008 श्री जुगल किशोर सरकार सप्तनिधि धाम, पन्ना में आयोजित 15 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को कथा के चौथे दिवस श्रीधाम वृंदावन के अग्रोमलिक पीठाधीश्वर पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं श्रीमद्भागवत के पावन प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा कथा पंडाल भक्तिरस में डूबा नजर आया। अपने प्रवचन में पूज्य महाराज श्री ने श्री जुगल किशोर सरकार की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान को पाने का सबसे सरल मार्ग निष्काम भक्ति, पूर्ण समर्पण और गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा है। जब भक्त अहंकार त्यागकर सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करता है, तब भगवान स्वयं उसके जीवन में प्रकट होकर उसकी रक्षा, मार्गदर्शन और कल्याण करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, भक्ति और मोक्ष का मार्ग दिखाने वाला दिव्य शास्त्र है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य प्रसंग का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल ष्नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीष के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, पुष्पवर्षा और आरती के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी भक्ति में सराबोर होकर जन्मोत्सव में सहभागिता निभाई। पूरा वातावरण वृंदावन की भक्ति भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। पूज्य राजेंद्र दास जी महाराज एवं महंत श्री किशोर दास जी महाराज ने भी पन्ना नगर के प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन कर वहां की आध्यात्मिक गरिमा की सराहना की। महाराज श्री ने कहा कि सप्तनिधि धाम में विराजमान श्री जुगल किशोर सरकार का स्वरूप अत्यंत दुर्लभ और दिव्य है। पन्ना की धरती वास्तव में देवभूमि है और यहां के लोग सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें प्रतिदिन ऐसे दिव्य स्वरूप के दर्शन और सेवा का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में टटिया आश्रम से पधारे पूज्य स्नेही शरण जी महाराज के साथ लगभग 40 संत-महात्माओं का आगमन हुआ। इसके अतिरिक्त झिरकी बगिया वाले महंत जी, त्यागी जी महाराज सहित अनेक संतों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की आध्यात्मिक भव्यता को और अधिक बढ़ा दिया। मंच पर संतों का सम्मान भी किया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन भक्ति, श्रद्धा, आध्यात्मिक उल्लास और सनातन संस्कृति के जयघोष से सराबोर रहा। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती में भाग लेकर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और लोककल्याण की कामना की।

# खेत में खून-खराबा रखवाली कर रहे किसानों पर किया था कुल्हाड़ी से वार

**एक की मौत मामले में पन्ना कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला**

**पन्ना।** पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर में दो साल पहले हुए सनसनीखेज हत्याकांड में अदालत ने न्याय की एक बड़ी मिसाल कायम की है। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम की कोर्ट ने तीन सगे हमलावरों को उम्रकैद की सख्त सजा सुनाई है। यह खूनी वारदात 3 मई 2024 की रात ग्राम कोढनपुरवा में हुई थी। किसान अयोध्या प्रसाद, शिवनारायण कुशवाहा और छोटेलाल कुशवाहा अपने खेत में लगी प्याज की फसल की रखवाली कर रहे थे। देर रात करीब 1:30 बजे घात लगाए बैठे बदमाशों ने लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस बर्बर हमले में गंभीर रूप से घायल शिवनारायण कुशवाहा ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। देवेन्द्रनगर पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच कर कोर्ट में पुख्ता आरोप-पत्र दाखिल किया। अपर जिला लोक अभियोजक सुनील कुमार द्विवेदी ने अदालत के सामने गवाहों और वैज्ञानिक सबूतों को इतने क्रमबद्ध तरीके से रखा कि आरोपी कानून के शिकंजे से बच नहीं सके। अदालत ने करन सिंह, बृजेन्द्र सिंह और धर्मेन्द्र सिंह को हत्या का दोषी पाते हुएधारा 302 में तीनों दोषियों को आजीवन कारावास और 10,000-10,000 रुपये का अर्थदण्ड, धारा 307 में दो अलग-अलग मामलों में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास और 5,000-5,000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

# ग्राम पंचायत ललार में व्यापक भ्रष्टाचार ग्रामीण विकास मंत्री को ग्रामीणों ने भेजा पत्र



**पन्ना।** जिले की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है शासन द्वारा ग्राम विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत राशि दी जाती है लेकिन उक्त राशि कागजों में खर्च करके सरपंच सचिव उप यंत्री हड़प कर रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायत पंचायतो में इसी प्रकार के काम हो रहे हैं ग्रामीणों द्वारा शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों को की जाती है लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत स ललार का प्रकाश में आया है जहां पर व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है सीसी सड़क नाली निर्माण फसल सुरक्षा दीवार शांति धाम खेल मैदान पुलिया निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के लिए विभाग द्वारा राशि दी गई थी लेकिन उक्त कार्य जमीन स्तर पर नहीं है राशि में भारी भ्रष्टाचार किया गया है इसके संबंध में स्थानीय लोगों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कलेक्टर तथा क्षेत्रीय विधायक को भी शिकायत की गई थी। लेकिन दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई मामले को लेकर ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को पत्र भेज कर संबंधित दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# सायबर हेल्पडेस्क कर्मचारियों को जीआरएम, एमआरएम एवं जीएमआईएस पोर्टल का दिया प्रशिक्षण



**पन्ना।** भारत सरकार के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के मामलों में बैंक खातों के फ्रीज/अनहोल्ड तथा धोखाधड़ी की राशि पीड़ितों को वापस दिलाने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से जीआरएम प्रारंभ किए गए हैं। इन्हीं पोर्टलों के प्रभावी संचालन, अद्यतन जानकारी एवं व्यावहारिक उपयोग के संबंध में 'दिनांक 19 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम, पन्ना स्थित पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला' आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर पदस्थ 'सायबर हेल्पडेस्क कर्मचारियों' को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 'सायबर विशेषज्ञ प्र.आर. राहुल सिंह, प्र.आर. आशीष अवस्थी, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं आर. राहुल पाण्डेय, नितिन नवराज के द्वारा 'जीआरएम पोर्टल, एमआरएम पोर्टल तथा जीएमआईएस पोर्टल के संचालन, उपयोग की प्रक्रिया, शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं पोर्टलों पर कार्यवाही की सम्पूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बढ़ते साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, ऑनलाइन धोखाधड़ी की विवेचना, डिजिटल साक्ष्य संकलन, बैंक एवं अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया तथा साइबर प्रकरणों में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही के संबंध में भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। पन्ना पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के सभी सायबर हेल्पडेस्क कर्मचारियों को नवीनतम साइबर पोर्टलों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं से दक्ष बनाना है, ताकि साइबर अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान की जा सके तथा साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## किसानों को कृषि विभाग की सलाह

छतरपुर। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, छतरपुर ने किसानों से अपील की है कि डीएपी उर्वरक की सीमित उपलब्धता को देखते हुए वे इसके वैज्ञानिक विकल्प के रूप में एसएसपी एवं एनपीके उर्वरकों का उपयोग करें। विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फसलों को आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति अधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए पोषक तत्व किसी भी उपयुक्त उर्वरक के माध्यम से उपलब्ध कराए जा सकते हैं। जिले में एसएसपी और विभिन्न ग्रेड के एनपीके उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। विभाग के अनुसार एसएसपी उर्वरक फसलों को फॉस्फोरस के साथ सल्फर और कैल्शियम भी उपलब्ध कराता है, जिससे जड़ों का विकास बेहतर होता है तथा फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है। यह विशेष रूप से तिलहन एवं दलहन फसलों के लिए लाभकारी माना जाता है। वहीं एनपीके उर्वरकों में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलित मिश्रण होता है। बाजार में 10:26:26 एवं 12:32:16 सहित विभिन्न अनुपात वाले एनपीके उपलब्ध हैं, जिनका चयन किसान अपनी फसल की वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों को जैविक विकल्प अपनाने की भी सलाह दी है। विभाग के अनुसार राइजोबियम, पीएसबी एवं एजोटोबैक्टर जैसे जैव उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिरीकरण और फॉस्फोरस की उपलब्धता बढ़ती है। इससे फसल को आवश्यक पोषक तत्व आसानी से मिलते हैं, उत्पादन में वृद्धि होती है तथा खेती की लागत भी कम होती है। विभाग ने किसानों से कहा है कि डीएपी की कमी से घबराने की आवश्यकता नहीं है। किसान अपने नजदीकी सहकारी समिति अथवा निजी उर्वरक विक्रेता से संपर्क कर एसएसपी या एनपीके उर्वरक खरीद सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी जानकारी या शंका के समाधान के लिए स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी गई है। विभाग ने वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर डीएपी के विकल्पों की गणना संबंधी जानकारी भी किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराई है, ताकि वे एक ही उर्वरक पर निर्भरता कम कर सकें और उर्वरकों की उपलब्धता के दौरान होने वाली परेशानी से बच सकें।

## 31 फलदार पौधों का रोपण



छतरपुर। मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान, नई दिल्ली की छतरपुर संभागीय एवं जिला इकाई द्वारा हरित छतरपुर, स्वस्थ छतरपुर अभियान के अंतर्गत वैष्णो नगर कॉलोनी, रेलवे स्टेशन स्थित श्री बैजनाथ मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, नींबू, आंवला, कटहल, जामुन एवं अनार सहित कुल 31 फलदार पौधे लगाए गए।संभागीय अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि संस्थान पिछले सात वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नियमित रूप से पौधारोपण अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाती है, ताकि वे विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मीडिया सचिव पंकज जैन ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य यह संदेश देना है कि स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वस्थ पर्यावरण प्रत्येक नागरिक का मूल मानवाधिकार है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानवाधिकारों का अभिन्न हिस्सा है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में लगाए गए पौधों की देखरेख एवं संरक्षण की जिम्मेदारी श्री बैजनाथ मंदिर के पुजारी ने ली। इस अवसर पर समिति के जगदीश टिकरिया, डॉ. स्वतंत्र शर्मा, जयकुमार गुप्ता, पूरन लाल गुप्ता, मनोज खत्री, राजेंद्र अग्रवाल, प्रमोद खरे, मनीष वर्मा, एडवोकेट महेंद्र गौतम, अवध किशोर पटेल, राजीव जैन सहित संस्थान के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## छत से गिरने पर 60 वर्षीय वृद्ध की मौत



छतरपुर। राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गोमा कला में छत से गिरने के कारण एक 60 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। वृद्ध घर की छत पर सो रहे थे, तभी गहरी नींद में अचानक संतुलन बिगडने से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान मिजाजी लाल पांडेय 60 वर्ष पिता स्वर्गीय पूरनलाल पांडेय, निवासी ग्राम गोमा कला के रूप में हुई है।

### तड़के चला जिला प्रशासन का अभियान, केन-बेतवा विरोधी आंदोलनकारियों को हटाया गया

# ग्रामीणों को सकुशल किया रवाना, अमित भटनागर को बिजावर अस्पताल में कराया भर्ती

छतरपुर। केन-बेतवा लिंक परियोजना में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ पिछले 17 दिनों से चल रहे चिता आंदोलन और आप नेता अमित भटनागर के आमरण अनशन को खत्म कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने रविवार की सुबह सूरज उगने से पहले ही सभी आंदोलनकारियों को उठाकर उन्हें सुरक्षित पन्ना जिला पहुंचाया। तो वहीं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी वा आप नेता अमित भटनागर को स्वास्थ्य को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस तरह प्रशासन के प्रयास से यह आंदोलन खत्म हुआ। जबकि आंदोलन के खत्म होने के दो दिन पहले ही पीएमओ आफिस ने संज्ञान में लेते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए थे। पीएमओ आफिस के निर्देश पर राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को अलर्ट किया और जिला प्रशासन ने रविवार की सुबह इस आंदोलन को खत्म कराने के लिए सभी आंदोलनकारियों को उठा लिया। जब पुलिस और प्रशासन की टीमें आंदोलन स्थल बराना नदी पर पहुंची तो उस समय आंदोलन कारी बराना नदी के पानी के बीचों बीच लकड़ी की सांकेतिक चिता पर लेटे हुए आसमान की ओर निहार रहे थे। तभी पुलिस और प्रशासन की गाडिय़ा सन्नाटे को चीरती हुई पहुंची और सोची समझी रणनीति के तहत सभी आंदोलनकारियों को



घेर लिया गया, ताकि उन्हें सुरक्षित रूप से वहां से निकालकर पन्ना पहुंचाया जा सके। क्योंकि अधिकांश आंदोलनकारी पन्ना जिले के थे। 17 दिन से चल रहे इस अनोखे प्रदर्शन को प्रशासन की टीम ने चंद मिनटों में समाप्त करा दिया।

इस आंदोलन का नेतृत्व करने वाले समाजसेवी अमित भटनागर पुलिस रिकार्ड के अनुसार लम्बे समय से फरार चल रहे थे। उन पर हत्या के प्रयास और शासकीय कार्य में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज थे। और पुलिस ने इसलिए उनके कुछ साथियों और अमित भटनागर को तुरंत हिरासत में लिया। अमित भटनागर को गिरफ्तारी के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच मेडीकल चेकअप के लिए बिजावर के अस्पताल भेजा गया। जहां उनकी मेडीकल जांच के उपरांत उपचार किया गया।

जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने इस आंदोलन को समाप्त करने के संबंध में स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि आंदोलन दबाने के लिए नहीं बल्कि प्रदर्शनकारियों की जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खत्म कराया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश का समय चल रहा। नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है जिससे जलभराव की स्थिति में नदी के बीचों बीच बैठे आंदोलनकारियों की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। उन्होंने बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना के विस्थापितों को विस्थापन पैकेज 5 लाख से बढाकर 12.50 करने की मांग थी जिसे सरकार की कैबिनेट ने पहले ही मंजूरी दे दी है और इसकी जानकारी प्रदर्शनकारियों को पहले दी जा चुकी है। लेकिन बिना किसी प्रशासनिक अनुमति या लिखित सूचना के आंदोलन किया जा रहा था। इसलिए आंदोलन स्थल से पन्ना जिले के निवासियों को बसों के माध्यम से उनके गृह ग्राम भेज दिया गया है। परियोजना में घोटाले के आरोप के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि अभी तक कोई लिखित शिकायत या सबूत प्राप्त नही हुआ है यदि कोई लिखित शिकायत मिलती है, तो उसकी भी जांच कराई जाएगी।



## सनातन धर्म पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में हिंदू कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, मौलाना का पुतला दहन

छतरपुर।

शहर में रविवार दोपहर सनातन धर्म के खिलाफ कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में हिंदू कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। महेंद्र दुबे के नेतृत्व में दोपहर करीब एक बजे मोटे के महावीर मंदिर परिसर से रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए छत्रसाल चौक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए संबंधित मौलाना का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि मौलाना ने सनातनी हिंदुओं के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। हिंदू कार्यकर्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# प्लान्टेशन एवं बाउण्ड्रीबाल तार फैसिंग के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार, मजदूरों का हो रहा शोषण?

छतरपुर। पन्ना टाईगर रिजर्व पन्ना के अंतर्गत प्लान्टेशन का काम चन्द्रनगर बीट में किया जा रहा है, लेकिन प्लान्टेशन एवं बाउण्ड्रीवाल हेतु तार फैसिंग के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार होने क़े आरोप क़े साथ साथ मजदूरों का शोषण भी किया जा रहा है। केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति बनीकरण बृक्षारोपण बित्तीय बर्ष 2025-26 पाटन पार्ट एक में रकवा 24 हेक्टेयर में बृक्षारोपण 22 हेक्टेयर में कक्ष क्रमांक 651 परिक्षेत्र चंद्रनगर बन मण्डल पन्ना टाईगर रिजर्व पन्ना एवं पाटन पार्ट दो में रकवा 30 हेक्टेयर में बृक्षारोपण 26 हेक्टेयर में, कक्ष क्रमांक 651 में बीट पाटन में किया जा रहा है। केन बेतवा लिंक परियोजना शहरों और गांव में 450 रूपए मजदूरी मिलती है। जबकि पन्ना टाईगर रिजर्व पन्ना चंद्रनगर रेंजर राजेंद्र सोलकी पर आरोप है कि वह 300 रूपए मजदूरी दे रहे है और सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक काम कराते है। बृक्षारोपण प्लान्टेशन की बाउण्ड्रीवाल में सीसी के खम्भे बहुत ही कमजोर लगाए है। कई खम्भे लगाने से पहले ही टूट गए और खम्भे इतने कमजोर है कि यदि मवेशी धक्का मार दे तो पूरी बाउण्ड्रीवाल की फैसिंग जमीदोंज हो जाएगी। प्लान्टेशन में पौधारोपण के लिए जमीन में गढ्ढे तो गणना



अनुसार किए जा रहे है, लेकिन पौधारोपण 30 प्रतिशत कम गढ्ढो में किया जा रहा है जिससे प्लान्टेंशन में भ्रष्टाचार की बू साफ आ रही है।

### आरोप है कि बाल मजदूरों से कराया जा काम -

प्लान्टेशन में बाल मजदूरों से काम करवाया जा रहा है। जिन नावालिग लड़को के हाथों में कापी किताबे होना चाहिए वह नाबालिग लड़के हाथों में गेती फावड़ा लेकर गढ्ढे खोद रहे है तथा पौधारोपण भी कर रहे है। प्लान्टेंशन के दौरान मिक्स पौधारोपण किया जा रहा है। जैसे सागौन, जामुन, सीरसा, महुआ, खामीर, आवला, शीशम, सराई जैसे बृक्ष शामिल है।

### इनका कहना है -

दोनो प्लान्टेशन 40-40 लाख की लागत से बन रहें है, डेढ़ से दो रूपए पर पौधारोपण करने का रेट है एक मजदूर 200 पौधारोपण नही कर पाता। ज्यादा से ज्यादा 50-60 पौधारोपण कर सकता है। इस कारण एक मजदूर को 300 रूपए दिए जा रहे है। जबकि प्लान्टेशन में पौधारोपण में विभाग को घाटा लग रहा है।

**राजेंद्र सोंलकी, रेंज आफिसर**
**चंद्रनगर बीट, पन्ना टाईगर रिजर्व**

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को जबरन खिलाई चूहा मार दवा, सीसीटीव्ही में कैद होकर फरार

छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड पहाड़ी में दहेज प्रताडऩा का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी नहीं होने पर पति ने अपनी पत्नी को ससुराल पहुंचकर जबरन चूहा मार दवा खिला दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी भागते हुए तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है। पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।



जानकारी के अनुसार, 23 वर्षीय सीरत खातून का विवाह तीन वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के राठ निवासी मोहम्मद इरशाद से हुआ था। रविवार सुबह करीब 11 बजे आरोपी अपनी पत्नी को साथ ले जाने के लिए ससुराल पहुंचा। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। पीड़िता का आरोप है कि पति अपने साथ चूहा मार दवा लेकर आया था और उसने जबरन उसे दवा खिला दी। महिला के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकला।

पीड़िता ने बताया कि उसका पति शराब का आदी है और शादी के बाद से ही उसके साथ मारपीट और प्रताडऩा करता रहा है। उनकी दो वर्षीय बेटी भी है। पीड़िता की मां राफिया के मुताबिक, विवाह के समय करीब डेढ़ लाख रुपये नकद सहित दान-दहेज दिया गया था, लेकिन शादी के एक वर्ष बाद आरोपी ने चार पहिया वाहन खरीदने के लिए अतिरिक्त पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। आर्थिक तंगी के कारण परिवार यह मांग पूरी नहीं कर सका, जिसके बाद उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा।परिजनों ने बताया कि बेटी की डिलीवरी भी मायके में कराई गई थी और आरोपी अक्सर घर आकर विवाद करता था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। फिलहाल महिला का जिला अस्पताल में इलाज जारी है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## एक बाइक पर तीन सवार, अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक 15 वर्षीय नाबालिग चालक की मौत, दो साथी घायल

**छतरपुर। जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय नाबालिग बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी मामूली रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ही बाइक पर तीन युवक सवार होकर ग्राम कुर्रा से ईशानगर की ओर जा रहे थे। रास्ते में बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।**



जानकारी के अनुसार, टीकमगढ़ निवासी मिथुन बंशकार (15) अपने नाना-नानी के घर ग्राम कुर्रा आया हुआ था। शनिवार शाम करीब 5 बजे वह अपने साथी संजू बंशकार और शिब्बू बंशकार, दोनों निवासी ग्राम कुर्रा, के साथ बाइक से ईशानगर जा रहा था। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह खाई में जा गिरी। हादसे में तीनों सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में संजू और शिब्बू को मामूली चोटें आईं, जबकि बाइक चला रहे मिथुन को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक मिथुन नाबालिग था और वही बाइक चला रहा था। साथ ही बाइक पर तीन लोगों के सवार होने के कारण वाहन का संतुलन बिगडऩे की आशंका जताई जा रही है। पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

## छतरपुर जिले की शराब दुकानों के स्वीकृति आदेश जारी, आज नए ठेकेदारों को सौंपा जाएगा संचालन का चार्ज

छतरपुर। जिले की विभिन्न देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों के संचालन के लिए स्वीकृति आदेश जारी कर दिए गए हैं। आबकारी विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अब संबंधित समूहों की शराब दुकानों का संचालन नए स्वीकृत ठेकेदारों द्वारा किया जाएगा। विभाग शुक्रवार को सभी स्वीकृत दुकानों का विधिवत चार्ज संबंधित संचालकों को सौंपेगा, जिसके बाद वे निर्धारित नियमों के तहत संचालन शुरू करेंगे।

स्वीकृति के अनुसार छतरपुर क्रमांक-1 दुकान का संचालन परशुराम शिवहरे को 21 करोड़ 50 लाख रुपये, जबकि छतरपुर क्रमांक-2 दुकान का संचालन पंकज राय को 22 करोड़ 25 लाख रुपये की स्वीकृति पर मिला है। चंद्रनगर समूह का संचालन श्री गिरराज इंफ्रास्ट्रक्चर को 2 करोड़ 79 लाख 99 हजार 999 रुपये, बमीठा समूह रवि कुमार द्विवेदी को 9 करोड़ 17 लाख 55 हजार 555 रुपये तथा हरपालपुर-एफ समूह श्री महाकाल ट्रेडिंग कंपनी को 1 करोड़ 82 लाख 82 हजार रुपये में आवंटित किया गया है।

इसी प्रकार हरपालपुर समूह का संचालन अमित अग्रवाल को 1 करोड़ रुपये तथा खजुराहो समूह का संचालन रामकुमार शर्मा को 6 करोड़ 35 लाख रुपये की स्वीकृति पर सौंपा गया है। आबकारी विभाग के अनुसार सभी स्वीकृत दुकानों का चार्ज आज संबंधित ठेकेदारों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद नए संचालक निर्धारित शर्तों एवं नियमों के अनुसार शराब दुकानों का संचालन करेंगे।

## रोज-रोज की पारिवारिक कलह से टूटे बुजुर्ग, जहरीला पदार्थ खाने से मौत

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कदारी में पति-पत्नी के बीच लगातार हो रहे घरेलू विवाद ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। परिवार में रोजाना होने वाले झगड़ों से मानसिक रूप से परेशान 68 वर्षीय अनंत राम सेन ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले जिला अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, ग्राम कदारी निवासी शिवानंद सेन ने बगौता निवासी काजल यादव से प्रेम विवाह किया था। दंपती का एक पुत्र भी है। विवाह के बाद से दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। कुछ दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद बढऩे पर मामला सिविल



लाइन थाने पहुंचा था, जहां पुलिस ने समझाइश देकर दोनों को साथ रहने के लिए राजी कर दिया था।

बताया गया है कि रविवार सुबह करीब आठ बजे पति-पत्नी के बीच एक बार फिर विवाद शुरू हो गया। घर में लगातार हो रही कहासुनी से पहले से बीमार चल रहे अनंत राम सेन काफी परेशान थे। उन्होंने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। इससे वे मानसिक रूप से आहत हो गए और कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।परिजनों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन किए जाने के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

## कार से 1052 शीशी कोडीन युक्त कफ सिरप जब्त, प्रयागराज से लाई गई खेप

रीवा। मध्य प्रदेश सरकार के प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी और रीवा जोन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत चोरहटा थाना पुलिस ने नशे के कारोबार पर एक और बड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने शनिवार देर रात एक स्विफ्ट डिजायर कार से 1052 शीशी प्रतिबंधित कोडीनयुक्त नशीली कफ सिरप बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद कफ सिरप और परिवहन में प्रयुक्त कार सहित कुल करीब 6.11 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि नशीली कफ सिरप की यह खेप उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से रीवा लाई गई थी। अब पुलिस इस अवैध कारोबार से जुड़े सप्लायर और पूरे नेटवर्क की तलाश में जुट गई है। आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह के मार्गदर्शन में चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि शनिवार रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और अपराध विवेचना के दौरान थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरिया रोड से स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी-17-सीए-9860 में बड़ी मात्रा में अवैध नशीली कफ सिरप शहर में खपाने के उद्देश्य से लाई जा रही है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और पुलिस टीम ने करहिया नंबर-1 स्थित ईंट भट्ठे के पास घेराबंदी कर वाहन का इंतजार शुरू किया।कुछ देर बाद संदिग्ध कार मौके पर पहुंची, जिसे रोककर चालक से पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम उपेन्द्र द्विवेदी (24) निवासी देवमऊ दलदल, थाना रामपुर बघेलान तथा वर्तमान पता करहिया, रीवा बताया। तलाशी के दौरान कार में प्लास्टिक की बोरियों में बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त नशीली कफ सिरप रखी मिली। पुलिस ने आरोपी से नशीली कफ सिरप के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद मौके पर गवाहों की मौजूदगी में गिनती कराई गई, जिसमें 1052 शीशी प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद हुई। इसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 11 हजार 978 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने नशीली कफ सिरप के साथ परिवहन में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली, जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई गई है। कुल जब्त मशरूका की कीमत 6 लाख 11 हजार 978 रुपये है।चोरहटा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21 और 22 के साथ मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम की धारा 5/13 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेश कर न्यायालय से पूछताछ के लिए आरोपी को रिमांड लिया गया है।

## निजीकरण के विरोध में डाक कर्मी बांधेंगे काली पट्टी

**उमरियापान।** भारतीय डाक विभाग के निजीकरण के विरोध में भारतीय डाक कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। आंदोलन के तहत 20 से 27 जुलाई तक संभाग के सभी डाकघरों में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। संगठन के संभागीय सचिव शिवनारायण प्यासी ने बताया कि विभाग में निजीकरण की प्रक्रिया और कर्मचारियों पर बढ़ते वित्तीय लक्ष्य (टारगेट) के दबाव को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि ग्रामीण डाक सेवकों और विभागीय कर्मचारियों को अपने वेतन से राशि जमा कर खाते खुलवाकर लक्ष्य पूरा करना पड़ रहा है, जो अनुचित है। निजीकरण को लेकर उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में 28 जुलाई को भोजनावकाश के दौरान मंडलीय कार्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 5 अगस्त को प्रदेशभर में एक दिवसीय हड़ताल होगी। यदि इसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

# अब शहरों की तर्ज पर गांवों में भी वसूले जाएंगे टैक्स




रीवा। शहरों की तर्ज पर अब गांवों में भी टैक्स वसूले जाएंगे। रीवा जिले में इसकी शुरुआत गंगेव जनपद से होने जा रही है। हाल ही में जनपद पंचायत सीईओ ने सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कर वसूली के संबंध में निर्देश जारी किए है। आदेश के अनुसार ग्रामसभा से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही विभिन्न प्रकार के करों की वसूली कर उसे पंचायत दर्पण पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। शासन की ओर से पंचायतों को यह अधिकार पहले ही दिया था लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया जा रहा था। पहली बार गंगेव जनपद पंचायत में इसकी शुरुआत होने जा रही है। जिले के दूसरे जनपदों में अभी तक पंचायतों को कोई निर्देश जारी नहीं किए गए है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायतों में कोई सरपंच इसके लिए तैयार इसलिए नहीं हो रहे है, क्योंकि अब तक किसी तरह का टैक्स नहीं देना पड़ रहा है और जनता पर आर्थिक भार बढ़ेगा तो संबंधित को राजनीतिक नुकसान भी हो सकता है। इतना ही नहीं यदि ग्रामसभा में टैक्स लगाने को लेकर जानकारी ली जाएगी तो अधिकांश लोग विरोध भी दर्ज करा सकते हैं। जारी निर्देशों के अनुसार पंचायतों में टैक्स वसूली को लेकर भवन अनुज्ञा शुल्क 750 रुपए से 50 हजार रुपए (एकमुश्त), भवन एवं संपत्ति कर एक हजार से 10 हजार रुपए वार्षिक, जल कर 100 रुपए मासिक, प्रकाश कर 100 रुपए मासिक, स्वच्छता कर 50 रुपए मासिक तथा नए नल कनेक्शन का शुल्क 2500 रुपए (एकमुश्त) निर्धारित किया गया है। इसी तरह फुटपाथ व्यापारियों से 5 से 10 रुपए प्रतिदिन, हाथठेला संचालकों से 20 से 30 रुपए प्रतिदिन, टाली एवं ऑटो से भाड़ा लाने पर 100 से 150 रुपए प्रतिदिन तथा रेस्टोरेंट, होटल, हार्डवेयर, कपड़ा, आटा, तेल, घानी चक्की, फुटवेयर, किराना स्टोर एवं सीड्स भंडार जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 100 से 1400 रुपए वार्षिक कर वसूला जाएगा।बॉक्स

### पहले आदेश में त्रुटियां होने पर सुधारा

गंगेव जनपद सीईओ द्वारा जारी पहले आदेश में कई तरह की त्रुटियां सामने आई थी। जिसका कई लोगों ने विरोध किया तो संशोधित आदेश जारी किया गया है। सबसे बड़ी त्रुटि भवन अनुज्ञा शुल्क को लेकर थी, जिसमें 750 रुपए मासिक और 50 हजार रुपए वार्षिक तय किया गया था। यह बड़ी रकम थी, इस तरह शहरों में भी टैक्स नहीं वसूला जाता। इसमें संशोधन करते हुए भवन अनुज्ञा शुल्क केवल एक बार देने के लिए कहा गया है। इसके अलावा अन्य कई त्रुटियों को सुधारा गया है।

### पहले भी कराधान घोटाले को लेकर सुर्खियों में रहा है गंगेव

गंगेव जनपद क्षेत्र में सबसे पहले पंचायतों में कर लगाने का आदेश जारी हुआ है। जिसकी चर्चा पूरे जिले में है। गंगेव जनपद इसके पहले कराधान घोटाले को लेकर भी चर्चा में रहा है। पूर्व में जिन पंचायतों ने टैक्स वसूला था, उन्हें प्रोत्साहित करने परफार्मेंस ग्रांट जारी की गई थी। प्रदेश में 1148 पंचायतों को राशि जारी हुई थी। रीवा जिले में 75 पंचायतों में 25 करोड़ के करीब ग्रांट मिली थी। जिसमें गंगेव जनपद की 38 पंचायतों में करीब 18 करोड़ शामिल था। गंगेव जनपद के अधिकारियों ने उक्त राशि मिलने के सप्ताह भर के भीतर कुछ चिन्हित फर्म और पंचायतों से मिलकर पूरी राशि खर्च कर डाली। शिकायत के बाद कई लोगों पर एफआईआर हुई थी। उस समय घोटाले के सूत्रधार माने गए बाबू राजेश सोनी को अब फिर निलंबन से बहाल करते हुए गंगेव में ही पोस्टिंग दे दी गई है। पूर्व में कुछ पंचायतों ने टैक्स वसूलने का दावा किया था, जिसमें जलकर, टैंकर, दुकानों, मेला में कर लगाया था।

## 15 रुपए प्रति लीटर एथेनॉल पेट्रोल देने की बात भी 15 लाख रुपए की तरह जुमला, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट शुद्ध घी में डालडा जैसी एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के चलते नहीं मिल पा रहा शुद्ध पेट्रोल

रीवा । समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ठीक 3 साल पहले एथेनॉल पेट्रोल को 15 रुपए लीटर में उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन इधर एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल 116 रुपए प्रति लीटर के भाव पेट्रोल पंप पर उपलब्ध हो रहा है। श्री खरे ने कहा कि यह बात भी 15 लाख रुपए खाते में आएंगे की तरह जुमला हो गई है। आपत्तिजनक बात यह है कि सड़क परिवहन एवं राज मार्ग केंद्रीय मंत्री होने के बाद भी नितिन गडकरी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय' के बारे में ऐसी बातें करते हैं जैसे उन्हें इस विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार मिला हो। इधर एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर मोटर वाहनों के इंजन के खराब हो जाने और माइलेज कम होने की बात पर देश के करोड़ों लोगों की चिंता के जवाब में नितिन गडकरी फरमा रहे हैं कि शुद्ध पेट्रोल 168 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है जितना ले सकते हो ले लो। श्री खरे ने कहा कि शहर के कुछ पेट्रोल पंपों में शुद्ध पेट्रोल की मांग करने पर यह बताया गया कि उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पंप 116 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से उपलब्ध है। यह स्पष्ट हो गया कि पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण के बाद भी पेट्रोल के दामों में कोई कमी नहीं आई बल्कि शुद्ध पेट्रोल की कीमतों में तो भारी वृद्धि हुई है। जिस तरह घी में मिलावट के बाद बाजार में शुद्ध घी के दाम काफी बढ़े रहते हैं। इसी तरह पेट्रोल के दाम भी बढ़ गए हैं। फिलहाल एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के दामों में गिरावट के कोई संकेत नहीं है। दोनों तरफ से मुनाफा कमाया जा रहा है। ऊपर से माइलेज और इंजन खराब होने की आशंकाएं बरकरार हैं। सुप्रीम कोर्ट में सरकार के द्वारा यह फरमाया जा रहा है कि यह प्रयोग है, तो फिर इस बात की गारंटी कैसे दी जा सकती है कि इसका गाड़ी के माइलेज और इंजन पर दुष्प्रभाव नहीं होगा। जब डीजल और पेट्रोल गाडियां के लिए अलग-अलग इंजन की आवश्यकता है तो फिर इथेनॉल निश्चित पेट्रोल के लिए अलग इंजन की जरूरत क्यों नहीं? काफी समय पहले पेट्रोल में मिट्टी तेल मिलावट को लेकर शिकायतें हुआ करती थीं लेकिन अब खुलेआम एथेनॉल मिलाकर झूठी गारंटी परोसी जा रही है। जानकारी यह है कि एथेनॉल गन्ना के रस से भी बनाया जा रहा है। इसकी वजह से बाजार में गन्ने की उपलब्धता प्रभावित हुई है। खास तौर से पीलिया एवं लीवर की बीमारी से प्रभावित मरीजों के लिए गन्ने का रस बहुत उपयोगी माना जाता है। श्री खरे ने कहा कि अभी बहुत से लोग चाहते हैं कि उनके मोटर वाहन का इंजन खराब होने से बच सके लेकिन शुद्ध पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। श्री खरे ने कहा कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आलोचना करने पर नितिन गडकरी के द्वारा मानहानि की धमकी देकर दबाव बनाना बहुत आपत्तिजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। हर उपभोक्ता सरकार के मनमानी फैसलों के खिलाफ अदालत में नहीं खड़ा हो सकता है। न्याय प्रक्रिया इतनी अधिक महंगी और उबाऊ है कि सामान्य लोग अदालत का दरवाजा खटखटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। ऐसे में कितने लोगों के साथ न्याय हो सकेगा। श्री खरे ने कहा कि मोदी सरकार ने पूरे देश को प्रयोगशाला बना दिया है। कोई जवाबदेही लेने को तैयार नहीं है। सरकार का विरोध करना देशद्रोह बता दिया जाता है। गजब की अंधभक्ति का दौर चल रहा है।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी, विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे जागरूकता कार्यक्रम



रीवा । संभाग के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत, उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत चौहान एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरुकरण सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र, विद्यालय, महाविद्यालय एवं समुदाय स्तर पर नशा मुक्ति संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 में सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी और समग्र जन चेतना विकास परिषद जिला एवं स्थानीय पुलिस तथा प्रशासन के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।अभियान के अंतर्गत जवा ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों सहित सीतलहा, डभौरा, पनवार, अतरैला एवं त्योंथर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समुदाय के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। सामाजिक संगठनों द्वारा 30 जुलाई तक विभिन्न क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है।इसी क्रम में बुधवार को रातहरा चर्च में संस्था द्वारा आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निशा मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने उपस्थित समुदायजनों को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया तथा सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत चर्च के फादर कमलेश पटेल द्वारा किया गया। संस्था की ओर से सुमित सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज के भविष्य को भी प्रभावित करता है, इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग को इस अभियान से जुड़कर युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करनी चाहिए।कार्यक्रम में चक्रपाणि मिश्रा, आरती पटेल सहित बड़ी संख्या में समुदायजन उपस्थित रहे।"नशे को कहें ना, जीवन को कहें हाँ" के संदेश के साथ अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग प्राप्त कर रहा है।

## किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर दिए जा रहे हैं सिंचाई सोलर पंप

रीवा । किसानों को अब सिंचाई के लिए बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बिना कनेक्शन लिए और बिना बिल भरे सिंचाई की सुविधा मिलेगी। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सूर्य मित्र योजना से 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर सिंचाई पंप से सिंचाई की सुविधा दी जा रही है। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण भी होगा। ताप विद्युत केन्द्रों से बिजली उत्पादन के लिए भारी मात्रा में कोयले का दहन किया जाता है जो पर्यावरण के प्रतिकूल है। सोलर पैनल पूरी तरह से निःशुल्क तथा पर्यावरण के अनुकूल है। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अक्षय ऊर्जा ने बताया कि इस योजना से किसानों को एक से लेकर 7.5 हार्सपावर सिंचाई के पंप के लिए सोलर पैनल की सुविधा दी जा रही है। किसानों को इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। योजना का लाभ उठाने के लिए ऊर्जा विकास निगम कार्यालय कलेक्ट्रेट रीवा से संपर्क किया जा सकता है। पीएम किसान सूर्य मित्र योजना से एक हार्सपावर के सोलर पंप के लिए कुल एक लाख 33 हजार 887 रुपए की लागत है। किसान केवल 10 प्रतिशत राशि यानी 13 हजार 713 रुपए देकर सोलर सिंचाई पंप लगवा सकते हैं। इसी तरह दो हार्सपावर के लिए एक लाख 51 हजार 982 रुपए है। किसान 15 हजार 575 रुपए देकर दो हार्सपावर का सोलर सिंचाई पंप लगा सकते हैं। योजना से तीन हार्सपावर के लिए 2 लाख 4 हजार 447 रुपए की कुल लागत है। किसान 20 हजार 968 रुपए अंशदान देकर यह पंप लगवा सकते हैं। इसी तरह पाँच हार्सपावर के लिए कुल लागत 2 लाख 95 हजार 86 रुपए है।

## रीवा डाक संभाग में पुष्पेंद्र सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया



रीवा । डाक संभाग में पुष्पेंद्र सिंह ने रीवा डाक अधीक्षक पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके आगमन से विभाग को नई ऊर्जा एवं कार्यकुशलता प्राप्त होगी। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री सिंह का स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। श्री सिंह ने विभाग की सेवाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। डाक अधीक्षक के अनुभव एवं नेतृत्व से विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आम जनता को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

## जांच में 25 बच्चों के दिल में मिला छेद, निःशुल्क होगा इलाज



रीवा । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के अंतर्गत 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की हृदय रोग की जांच जिला अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में की गई। बच्चों के हृदय रोग का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण गैलेक्सी हॉस्पिटल जबलपुर के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। शिविर में 72 बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें 30 बच्चों का फॉलोअप किया गया। जांच के दौरान 25 बच्चों के दिल में छेंद की पुष्टि हुई जिनका निःशुल्क उपचार किया जाएगा। जांच के दौरान 27 बच्चे सामान्य पाए गए और जिन बच्चों के दिल में छेंद की पुष्टि हुई उनमें से 5 बच्चों को हायर सेंटर रेफर किया गया और 20 बच्चों के उपचार के लिए किया गया। इनकी निःशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। सीने में दर्द और दिल की समस्या से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क इलाज गैलेक्सी हॉस्पिटल जबलपुर में कराया जाएगा। डॉ. जितेंद्र कुमार तिवारी नोडल अधिकारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ रीवा ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत निःशुल्क सर्जरी कराया जाएगी। विष्णु प्रताप सिंह जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबन्धक आरबीएसके रीवा ने बताया कि शिविर के दौरान आरबीएसके टीम में पदस्थ एएमओ द्वारा आंगनवाड़ी व स्कूल स्तर पर हृदय रोग के केस चिन्हित किए गए थे जिनकी जांच शिविर में कराई गई। डॉ. केके तिवारी शिशु रोग विशेषज्ञ ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की हृदय सहित समस्त प्रकार की जन्मजात विकृति की निःशुल्क सर्जिकल सुविधा उपलब्ध है।

शिविर डॉ. केबी गौतम, डॉ. विकास सिंह डेंटल सर्जन, डॉ. रविन्द्र मिश्रा प्रबन्धक, डॉ. महिमा तिवारी डेंटल सर्जन, डॉ. सुनील अवस्थी, डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. वंदना मिश्रा, डॉ. दिनेश शुक्ला, डॉ. दिनेश त्रिपाठी, डॉ. मेधा अग्निहोत्री, डॉ. तारिक अंसारी, डॉ. समरीन अली, डॉ. शीला पांडेय, डॉ. प्रदीप पटेल, डॉ. सुशील कोल, डॉ. अरविंद गौतम, डॉ. शिव कुमार पटेल, डॉ. विवेक त्रिपाठी, रमेश गुप्ता, पंकज मिश्रा, डॉ. अनु मिश्रा साइकोलॉजिस्ट, मीना पांडेय, अरुणेंद्र कुशवाहा, उपेंद्र शुक्ला, सौरव पांडेय आयुष्मान जिला समन्वयक, सुशील पटेल आरआई डेटा मैनेजर आदि उपस्थित रहे। शिविर के दौरान पंजीयन एवं काउंसलिंग में विशेष योगदान जयश्री द्विवेदी नर्सिंग आफीसर, एएनएम प्रतिमा शुक्ला, अल्का तिवारी, अनिता तिवारी, अर्चना साकेत, उमंग काउंसलर आरती पांडेय, अल्का सिंह तथा आकांक्षा सिंह का योगदान सराहनीय रहा। शिविर में इस्माइल खान गार्ड एवं सरोज साकेत स्वीपर का भी योगदान रहा।

## छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही झिरिया छात्रावास पहुंचे कलेक्टर समस्याओं के तत्काल समाधान के दिए निर्देश



रीवा । रीवा शहर के झिरिया स्थित छात्रावास के छात्रों द्वारा मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कलेक्टर आवास का घेराव करने की सूचना मिलने पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी स्वयं छात्रावास पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण कर छात्रों से सीधे संवाद किया। निरीक्षण के दौरान छात्रों ने पेयजल की गंभीर समस्या उठाई। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके बाद छात्रों के लिए पानी की व्यवस्था कराई गई। कलेक्टर ने छात्रावास की भोजन व्यवस्था, रसोई, छात्रों के कमरों, बिजली, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक एवं तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि छात्रावास में कुछ बाहरी लोग रह रहे थे। इस पर कलेक्टर ने उन्हें तत्काल छात्रावास खाली करने के निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावास केवल प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए है और बाहरी लोगों की मौजूदगी से छात्रों को असुविधा होती है तथा अनुशासन प्रभावित होता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर मिल सकें।

# प्राचीन शिव मंदिर शिवराजपुर के जीर्णोद्धार का कार्य जनसहयोग से हुआ प्रारंभ



**मऊगंज।** जिले के ग्राम शिवराजपुर में स्थित भगवान शिव का प्राचीन मंदिर न केवल ग्राम की धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। लगभग 500 वर्ष पुराने इस मंदिर में वर्षों से ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा जुड़ी रही है। अनेक पीढ़ियों ने इस पावन धाम में भगवान भोलेनाथ की आराधना कर अपने जीवन को धन्य बनाया है।समय के साथ मंदिर का स्वरूप अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हो गया था। मंदिर की दीवारें गर्भगृह एवं अन्य निर्माण कार्यों को संरक्षण और पुनर्निर्माण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ग्रामवासियों ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए वर्षों तक विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए। इसके लिए जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं से संपर्क स्थापित किया गया किंतु इन प्रयासों के बावजूद मंदिर के जीर्णोद्धार की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी।ग्राम शिवराजपुर के लोगों ने कभी अपनी आस्था को कमजोर नहीं होने दिया। गाँव के वरिष्ठ नागरिकों युवाओं महिलाओं एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने समय-समय पर मंदिर के संरक्षण की माँग उठाई और प्रशासनिक तथा राजनीतिक स्तर पर लगातार प्रयास करते रहे। वर्षों की प्रतीक्षा और निराशा के पश्चात अंततः ग्रामवासियों ने थक हारकर यह निश्चय किया कि भगवान शिव के इस प्राचीन धाम का जीर्णोद्धार अब स्वयं ग्राम के लोग मिलकर करेंगे।इसी संकल्प के साथ ग्रामवासियों ने एकजुट होकर मंदिर के पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया। आज जनसहयोग सामूहिक प्रयास और श्रद्धालुओं के योगदान से यह पुनीत कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। गाँव के लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार तन मन और धन से इस महान कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। किसी ने आर्थिक सहयोग दिया है तो किसी ने श्रमदान के माध्यम से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।मंदिर का यह जीर्णोद्धार केवल पत्थरों और दीवारों का पुनर्निर्माण नहीं है बल्कि यह ग्रामवासियों की आस्था एकता समर्पण और भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट भक्ति का सजीव उदाहरण है। यह कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। ग्रामवासियों का मानना है कि यह मंदिर सदियों से क्षेत्रवासियों की श्रद्धा और विश्वास का केंद्र रहा है और आने वाले समय में भी यह लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश देता रहेगा। मंदिर के जीर्णोद्धार से न केवल इसकी भव्यता और गरिमा में वृद्धि होगी बल्कि क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को भी नई पहचान मिलेगी।ग्राम शिवराजपुर के समस्त नागरिकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं सामाजिक संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस पुण्य एवं ऐतिहासिक कार्य में सहभागी बनें तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग प्रदान कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## मऊगंज के आर्यन गुप्ता की सफलता बनी क्षेत्र के युवाओं के लिए मिसाल, 17 वर्ष की उम्र में रचा इतिहास, दादा के सपने को किया साकार, 599 अंक के साथ नीट परिक्षा में मारी बाजी



**मऊगंज।** मेहनत, लगन और अटूट विश्वास से बड़े से बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण बने हैं जगत जननी मां अष्टभुजा की पावन धरा मऊगंज जिले के नईगढ़ी कस्बे के मेधावी छात्र आर्यन गुप्ता।राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 में आर्यन ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। 720 अंकों की परीक्षा में उन्होंने 599 अंक प्राप्त किया है अखिल भारतीय स्तर पर उन्हें 10360वीं रैंक और सामान्य वर्ग में 4289वीं रैंक मिली है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ अब देश के प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेजों के द्वार उनके लिए खुल गए हैं।आर्यन के पिता बृजेंद्र गुप्ता पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, और माता नागिता गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद नईगढ़ी, की आंखें आज गर्व से नम हैं। बेटे की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे नईगढ़ी नगर का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया है।17 वर्षीय आर्यन का सपना एम्स में प्रवेश लेकर चिकित्सा शिक्षा के बाद देशसेवा करना है। अपनी सफलता का श्रेय वे माता-पिता और गुरुओं के आशीर्वाद को देते हैं। आर्यन ने बताया कि उनके दादा स्व. बाल्मीक प्रसाद गुप्ता की इच्छा थी कि उनका पोता डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करे। उसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दिया और पहले ही प्रयास में सफलता पाई।आर्यन की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी मऊगंज के उपाध्यक्ष एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह पिंटू,नईगढ़ी मंडल अध्यक्ष विभा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र पयासी, आरडी शर्मा, राममिलन प्रजापति, राजरमन पटेल, एड.अशोक कुमार गुप्ता,सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

## शादी के दो महीने बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, खाना खाने के कुछ देर बाद शुरू हुई उल्टियां, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम



रीवा। जिले में शादी के महज दो महीने बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नवविवाहिता ने पहले परिवार के सभी सदस्यों को भोजन कराया और इसके बाद स्वयं खाना खाया। भोजन करने के कुछ ही समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और लगातार उल्टियां होने लगीं। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर निकले, लेकिन संजय गांधी अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही संजय गांधी अस्पताल चौकी पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान उर्मिला कोल के रूप में हुई है। वह देवतालाब क्षेत्र के पटपरा गांव में अपने ससुराल में रह रही थी। उर्मिला का मायका मनकहरी में है और उसका विवाह इसी वर्ष 29 अप्रैल को पूरे रीति-रिवाज के साथ हुआ था। परिजनों के अनुसार विवाह के बाद से दांपत्य जीवन सामान्य रूप से चल रहा था तथा परिवार में किसी प्रकार का विवाद या तनाव नहीं था। शनिवार को भी घर में सामान्य दिनचर्या के अनुसार उर्मिला ने परिवार के सदस्यों के लिए भोजन तैयार किया। सभी को खाना खिलाने के बाद जब उसने स्वयं भोजन किया तो कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसे अचानक तेज उल्टियां शुरू हो गईं। परिजन पहले उसे स्थानीय चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं।मामले की एक महत्वपूर्ण बात यह भी सामने आई है कि नवविवाहिता की मौत के बाद मायके और ससुराल पक्ष के बीच किसी प्रकार का विवाद या आरोप-प्रत्यारोप नहीं है। दोनों पक्षों ने पुलिस को प्रारंभिक बयान में बताया है कि विवाह के बाद से सब कुछ सामान्य था और घटना अचानक हुई। हालांकि पुलिस किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।संजय गांधी अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।